# अपराध के पहले ही सुपारी किलर सहित 3 गिरफ्तार

## पुलिस की सक्रियता से हत्या की साजिश विफल

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 दिसंबर। एसपी पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के दिशा निर्देशन मे गुनौर पुलिस ने सुपारी लेकर हत्या करने आये तीन आरोपियों को घटना कारित करने के पूर्व ही गिरफ्तार कर हत्या की घटना को विफल कर दिया।**

एसपी पन्ना निवेदिता नायडू ने प्रेस कान्फ्रेंस मे बताया कि दिनांक 15 दिसंबर को थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा गुनौर स्थित विद्युत कार्यालय के पास कुछ संदेही व्यक्ति एक बुलेरो वाहन में बैठे हैं, जो कस्बा के एक व्यक्ति की हत्या की साजिश रच रहे हैं तथा उनके



पास अवैध हथियार भी मौजूद हैं। पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर एक बिना नम्बर की बुलेरो कार में 03 संदेही व्यक्तियों इद्दी उर्फ इदरीश उम्र 40 वर्ष, निवासी कटरा मोहल्ला, पन्ना, मुकेश सिंह चंदेल पिता सियाराम सिंह चंदेल, उम्र 35 वर्ष, निवासी पटनाकला, थाना गुनौर, छोटू उर्फ इतेन्द्र सिंह चंदेल पिता महिपाल सिंह चंदेल, उम्र 22 वर्ष, निवासी पटनाकला, थाना गुनौर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूँछताछ एवं तलाशी ली गई, जिसमें उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल 03 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 कार बरामद किये गये।

वहीं चैथा आरोपी महिपाल सिंह चन्देल निवासी पटनाकला, थाना गुनौर फरार है जिसकी तलाश जारी है। पूँछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि पुरानी बुराई को लेकर हम लोग कस्बा निवासी भूरा चंदेल की हत्या करने की योजना से एकत्रित हुए थे। आरोपियों के बताये अनुसार यह तथ्य सामने आया कि हत्या के लिये मामले में महिपाल सिंह चन्देल द्वारा 50 हजार रूपये की सुपारी तय की गई थी, जो मुकेश सिंह चंदेल के माध्यम से इद्दी उर्फ इदरीश को 5 हजार रूपये एडवांस दिये जा चुके थे। आरोपियों द्वारा विद्युत कार्यालय के पीछे बैठकर पूरी प्लानिंग की गई थी। पुलिस की त्वरित एवं सतर्क कार्यवाही से यह जघन्य अपराध घटित होने से पूर्व ही विफल हो गया।

# अमानगंज में दुर्गा चालीसा का अखंड पाठ

नवभारत न्यूज

**अमानगंज/पन्ना 16 दिसंबर। भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वाधान में 24 घंटे का श्री दुर्गा चालीसा अखंड पाठ का आयोजन किया गया।**

तारीख 15 दिसंबर सोमवार दोपहर 1.30 बजे से पाठ का अखंड पाठ आरंभ पूजन अर्चन के साथ अमानगंज मे प्रारंभ हुआ जो तारीख 16 दिसंबर मंगलवार दोपहर 1रू30 बजे तक अखंड पाठ अनवर चला रहा पाठ वचन में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं ज्योति शक्ति की सिद्धाश्रम व्योहारी से जुड़े हुए साधना शक्ति पीठ के भक्तों द्वारा सश्वर पाठ का वचन किया गया और धर्म का लाभ अर्जित किया सदगुरुदेव शक्तिपुत्र जी महाराज की प्रेरणा से



जन-जन की कल्याण भावना हेतु विश्व शांति सामाजिक सद्भाव धर्म रक्षक आत्मोतथान हेतु रखा गया।

तारीख 16 दिसंबर को नशा मुक्ति जागरण सद्भावना रैली भी अमानगंज में निकाली गई जिसमें जिले से आए भक्तगण और दूरदराज जिलों से आए भक्तगण शामिल थे श्री दुर्गा चालीसा 24 घंटे का ब्लॉक स्तरीय अखंड पाठ का आयोजन किया गया साथ अखंड दुर्गा चालीसा पाठ के पश्चात सदगुरदेव और माँ भगवती की आरती उतारी गई माताओ और बहनो की उपस्थिति सराहनीय रही महाप्रसाद के वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# अजयगढ़ में सघन चेकिंग अभियान में अवैध कृषि पम्पों पर हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 16 दिसंबर। अजयगढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कृषि पम्पों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दिनांक 15 दिसंबर को सघन मास चेकिंग अभियान चलाया गया।**

यह कार्रवाई अधीक्षण अभियंता पन्ना प्रमोद गेडाम एवं कार्यपालन अभियंता अमितेश मिश्रा के निर्देशन में की गई। अभियान के दौरान विभागीय टीम द्वारा विभिन्न ग्रामो में अवैध कृषि पम्पों एवं कृषि मोटरों पर विशेष रूप से छापामार कार्रवाई की गई। इस सघन अभियान में ए. एस. परिहार, कनिष्ठ अभियंता



(अजयगढ़), उमेश पाण्डेय, कनिष्ठ अभियंता (देवेंद्रनगर), अस्फाक खान, कनिष्ठ अभियंता (संभाग कार्यालय, पन्ना) एवं फिरोज़ खान, कनिष्ठ अभियंता (अजयगढ़-2) द्वारा विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान कई कृषक उपभोक्ता कटिया फँसाकर सीधे लाइन से विद्युत का अवैध उपयोग करते हुए कृषि पम्प संचालित करते पाए गए।

विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत अवैध कृषि पम्प संचालन के मामलों में एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए। मौके से अवैध तार जब्त किए गए तथा जहाँ बिना वैध कनेक्शन के कृषि मोटर संचालित पाए गए, उन्हें जब्त कर तत्काल बंद कराया गया।

इसके साथ ही बकाया राशि वाले कृषि उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन भी विच्छेदित किए गए। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना वैध कृषि कनेक्शन अथवा अस्थायी कृषि पम्प कनेक्शन (टीसी) के कृषि पम्पों का संचालन दंडनीय अपराध है। इस प्रकार के सघन चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कृषक उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल वैध कनेक्शन के माध्यम से ही कृषि पम्पों का उपयोग करें तथा समय पर विद्युत बिल का भुगतान सुनिश्चित करें।

# धूनी आश्रम गौशाला खोरा में भूख के मारे मर रहे हैं गोवंश



नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 16 दिसंबर। पन्ना जिले के अजयगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खोरा में संचालित हो रहे गौशाला में भूख के मारे - मार रही है गोवंश जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचती है निरीक्षण करने खोरा गौशाला की स्थिति बदल स्थिति में है।**

जब गौशाला में देखा गया तो दो गाय मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। साथ ही वहां पदस्थ दो चैकीदारों ने बताया है कि गौशाला संचालक हम लोगों को कहता है कि कम मात्रा में भूसा खिलाओ अगर आप लोगों ने अधिक मात्रा में भूसा खिलाया तो हम लोग आपको गौशाला से हटाने की धमकी देता है। गोवंश को मौके पर इलाज भी नहीं मिल रहा है अगर मौके पर इलाज मिल जाए तो कितनी मात्रा में गोवंश ना मारे और साथ ही वहां पदस्थ चैकीदार ने बताया है कि यहां चार लोगों की नियुक्ति है लेकिन हम सिर्फ दो व्यक्ति ही यहां रहकर कार्य करते हैं। गौशाला संचालक अपने परिवार के दो सदस्यों के नाम दर्ज किए हुए हैं चैकीदार के रूप पर लेकिन कार्य करने गौशाला नहीं आते हैं गौशाला में नियमित रूप से साफ सफाई भी नहीं होती है। और ना ही गौशाला संचालक के पास पर्याप्त मात्रा में स्टॉक है मिला भूसा का जबकि गौशाला में चैकीदार के बताए अनुसार 140 गए बताई जा रही हैं जबकि वास्तविक में गोवंश की कितनी संख्या नहीं है। और ना ही गोवंश को नमक, सुदामा, कपिला आदि नहीं खिलाया जाता है। इस गौशाला में गायों की भयंकर दुर्दशा है लगातार मार रहे गोवंश एक सोने का विषय है।

### इनका कहना हैं

जब इस संबंध में जिले के उप संचालक पशु पालन विभाग से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि आप ने खोरा गौशाला के बारे में जो जानकारी दी है। मैं मौके पर जाकर इसका निरीक्षण करूंगा अगर इस तरह की कमियां पाई जाएगी तो मैं गौशाला संचालक के ऊपर कड़ी कार्रवाई होगी।

**डॉ नरेंद्र कुमार गुप्ता** उप संचालक पन्ना।

# संबल योजना के हितग्राहियों को मिली अनुग्रह सहायता राशि

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 दिसंबर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को भोपाल से जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत श्रमिक परिवारों को सिंगल क्लिक के जरिए अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण किया।**

पन्ना जिले के 111 प्रकरणों में भी हितग्राहियों को 2 करोड़ 54 लाख रूपए की सहायता राशि मिली। जिले के हितग्राहियों को सामान्य एवं दुर्घटना मृत्यु के प्रकरणों में सहायता राशि का लाभ मिला। पवई विकासखण्ड के सर्वाधिक 31 श्रमिक परिवार लाभांवित हुए, जबकि गुनौर एवं शाहनगर ब्लॉक के 23-23, पन्ना ब्लॉक के 18, अजयगढ़ ब्लॉक के 8 तथा नगरीय निकाय पन्ना के 3, ककरहटी के 2 एवं देवेन्द्रनगर, अजयगढ़ और अमानगंज के एक-एक प्रकरणों में हितग्राहियों को सहायता राशि प्राप्त हुई है। इस अवसर पर पन्ना जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रम निरीक्षक वेदमणि दाहिया सहित हितग्राही भी उपस्थित रहे। उपस्थितजनों द्वारा लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन को देखा एवं सुना गया।

# पवई में खण्डस्तरीय जनसुनवाई एवं जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुईं कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**पवई/पन्ना 16 दिसंबर। कलेक्टर ऊषा परमार मंगलवार को पवई जनपद पंचायत परिसर में आयोजित खण्डस्तरीय जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में शामिल हुईं और स्थानीय आवेदकों की समस्याएं सुनकर समस्या का निराकरण किया।**

मुख्यतः राजस्व प्रकरणों एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के लाभ संबंधी आवेदनों का परीक्षण कर जिला कलेक्टर द्वारा मौके पर आवश्यक कार्रवाई की गई। इस दौरान मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को भी नियमित रूप से क्षेत्रीयजनों की विभिन्न समस्याओं के प्रभावी निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। स्थानीय स्तर पर समस्याओं के निराकरण पर लोगों ने जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना भी की और उत्साह के साथ शिविर में शामिल हुए।

जिला कलेक्टर द्वारा खण्ड स्तरीय विभाग के अधिकारियों से जनहितैषी कार्यक्रम व विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन की प्रगति संबंधी जानकारी लेकर




सीएम हेल्पलाइन के विभिन्न स्तर पर लंबित प्रकरणों के बारे में पूछा और शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ समय पर प्रदान करने के निर्देश दिए। बुजुर्ग और महिला आवेदकों द्वारा भी बारी-बारी से जिला कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती परमार ने गंभीरतापूर्वक आवेदकों की समस्याएं सुनीं और विधिवत निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने उपस्थितजनों से संवाद व चर्चा कर भविष्य में भी जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिया।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने धान उपार्जन केन्द्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया और केन्द्र पर उचित तरीके से ग्रेडिंग कार्य संचालित करने सहित इसके लिए निर्धारित 40 रूपए की राशि प्राप्त करने, व्यवस्थित रूप से सूचना पटल का बोर्ड लगवाने तथा किसानों की सुविधाओं के मद्देनजर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया।


पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू एवं अन्य अधिकारियों के साथ कलेही माता परिसर का भ्रमण कर नव वर्ष पर आयोजित होने वाले वृहद स्तरीय मेला के दृष्टिगत समय पूर्व सभी समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम समीक्षा जैन एवं जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय भी उपस्थित रहे।

# आध्यात्मिक ज्ञान के प्रभाव से हो रहा समाज का सुधार

नवभारत न्यूज

**सिमरिया/पन्ना 16 दिसंबर। संत रामपाल महाराज जी के सानिध्य में एलसीडी के माध्यम से जिला स्तरीय सत्संग समारोह स्थानीय श्री महाकाल मंडपम सिमरिया मैं संपन्न हुआ।**

जिसमे भारी संख्या में भक्त गण उपस्थित हुए और संत रामपाल जी द्वारा प्रेरक उद्बोधन का प्रस्तुतीकरण एलसीडी के माध्यम से स्त्रोतों के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमें समाज में फैली कुरीतियों को खत्म कर रहे जैसे भ्रष्टाचार, चोरी, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, नशा मुक्ति समाज तैयार करने हेतु प्रेरित किया गया सत्संग




में संत जी ने बताया कि जिस लोक में हम रह रहे हैं वह काल कसाई का लोक है, जहां एक पल का भरोसा नहीं होता कब किसके साथ क्या घटना घटित हो जाए। कहीं पिता के पहले बेटे की मृत्यु, पत्नी से पहले पति अपना परिवार छोड़कर संसार से विदा हो जाता है। संत जी ने बताया कि यह काल है जिसे निरंजन और ब्रह्म भी कहते हैं जो 21 ब्राह्मडों का स्वामी है। यह श्राप वश एक दिन में एक लाख मानव शरीर धारी प्राणियों का नित्य आहार करता है व सवा लाख उत्पन्न करता है। इस सत्संग में संत रामपाल जी महाराज जी के शिष्य हिसाबी लाल कुशवाहा, राजीव कबीरपंथी, प्रदीप कोरी, जगप्रसाद दास कालीचरण कोरी आदि सम्मिलित हुए।

# स्वदेशी संकल्प यात्रा पन्ना पहुंची कैट जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया स्वागत

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को आगे बढ़ाते हुए पूरे देश में स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जिसका उद्देश्य देश की वस्तुएं देश में ही विक्रय हो जिसका लाभ देश के लोगों को ही मिले उक्त यात्रा 1 दिसंबर को नागपुर से प्रारंभ हुई छत्तीसगढ़ होते हुए 16 दिसंबर को पन्ना पहुंची जहां पर यात्रा प्रभारी मनीष दोसज तथा उनके सहयोगी साथियों का स्वागत।**

कान फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैट पन्ना के जिला अध्यक्ष मनोज




केसरवानी के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में नगर के व्यापारी गण उपस्थित रहे तथा क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह भी उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री तथा विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा यह यात्रा गांधी जी की सोच पर निकाली गई है जिसका उद्देश्य प्रत्येक वस्तु स्वदेशी अपनाना चाहिए जिसके माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार मिले साथ ही उक्त वस्तुएं भी आम लोगों तक आसानी से पहुंच सके तत्पश्चात संकल्प यात्रा को विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया नगर के प्रमुख मार्गो गांधी चैक कोतवाली चैराहा कटरा बाजार बड़ा बाजार अजयगढ़ चैराहा होते हुए अजयगढ़ की ओर रवाना हुई।

# ड्रोन निषिद्ध क्षेत्र घोषित

पन्ना 16 दिसंबर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धार 163 अंतर्गत आगामी 2 माह के लिए डायमण्ड मायनिंग प्रोजेक्ट मझगवां के निर्धारित 6 क्षेत्र को ड्रोन निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हीरा खनन परियोजना मझगवां के द्वारा अवगत कराया गया था कि जिले में यह परियोजना क्षेत्र पन्ना टाईगर रिजर्व के बीच में स्थित है तथा सुरक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण संस्थान के रूप में चिन्हित है।

# महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र रक्षा पर केंद्रित निबंध प्रतियोगिता हुई

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 दिसंबर। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र के अंतर्गत सशस्त्र बलों में महिलाओं की भूमिका एवं अवसर विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा वादिनी के समक्ष प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. पी. मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। वहीं डॉ. बी. एन. जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सशस्त्र



बलों में उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना एवं उनमें आत्मविश्वास जागृत करना है।इस अवसर पर डॉ. पियूषा शर्मा ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि सशस्त्र बलों में महिलाओं की भूमिका निरंतर सशक्त होती जा रही है। आज महिलाएं साहस, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के साथ देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। विषय प्रवर्तन डॉ रिंकू सिंह ने किया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए सशस्त्र बलों में महिलाओं की ऐतिहासिक भूमिका, वर्तमान योगदान, चुनौतियों तथा भविष्य में उपलब्ध अवसरों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम मोहित रैकवार द्वितीय स्थान महक रैकवार एवं तृतीय स्थान हिमांशी लालवानी प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखने की स्वीकृति

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 दिसंबर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में मंगलवार को संपन्न हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखे जाने और योजना के तहत 905 करोड़ 25 लाख रुपए के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई। इस योजना के तहत प्रदेश के 18 से 45 वर्ष के स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के लिए 50 हज़ार से 50 लाख रूपए तक का ऋण बैंक द्वारा स्वीकृत किया जाता है। शासन द्वारा 3 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज अनुदान और सात वर्ष तक ऋण गारंटी फीस अनुदान दिया जाता है।

# अनुरक्षकों की ड्यूटी निर्धारित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 दिसंबर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आगामी 22 से 28 दिसम्बर तक पन्ना जिले के 250 तीर्थ यात्री रामेश्वरम-मदुरई की तीर्थ यात्रा करेंगे।**

यात्रियों की सुविधा के लिए अनुरक्षकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। कलेक्टर कार्यालय की धर्मार्थ शाखा द्वारा जारी आदेश के तहत पटवारी बीरेन्द्र कुमार शर्मा 9806703498 एवं अमित जड़िया 9424710410, विशेष शिक्षक राकेश पटेल 9755074972, सहायक ग्रेड तीन रामबाबू अहिरवार 9484970799 एवं आशीष कुमार रैकवार 9893185343 को अनुरक्षक का दायित्व सौंपा गया है।

किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अनुरक्षक व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। इस संबंध में सभी अनुरक्षकों को शासन द्वारा जारी निर्देश एवं नियमों के तहत दायित्व निर्वहन के लिए निर्देशित किया गया है।

# अब हर किसान की होगी फॉरमर रजिस्ट्री : सुरेन्द्र कुमार

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 16 दिसंबर। शासन के आदेश अनुसार पहले किसानो की फारमर रजिस्ट्री शासन की पीएम किसान निधि पाने के लिए फारमर रजिस्ट्री व शासन की अन्य योजनाओं के लिए फारमर रजिस्ट्री किसानो की तहसील कार्यालय के पटवारी द्वारा की जा रही थी।**

किसान की एक आईडी जेनरेट होती थी जिसमें अजयगढ़ तहसील में लगभग 90-92 प्रतिशत तक किसानो की फारमर रजिस्ट्री का काम पूर्ण हो चुका था एवं शासन की योजनाओं का लाभ किसान ले रहे थे। तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अजयगढ़ तहसील में 29236 किसानों के पीएम किसान निधि के लिए कुल रजिस्ट्रेशन हुए थे जिसमें से 26702 किसाने की फारमर रजिस्ट्री हो चुकी थी शेष 2534 किसानों के किन्ही कारण से फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पाई थी जिसमें से कुछ किसान मृत एवं पलायन कर



चुके थे एवं कुछ लोगों ने आवश्यक दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किए थे इस तरह से आजमगढ़ तहसील में 26700 दो लोगों को पीएम किसान निधि प्राप्त हो रही थी। किसान निधि पाने वाले किसानों को आयकरदाता ना हो किसी सरकारी कर्मचारियों को पति को मिल रही हो तो पत्नी को पीएम किसान निधि प्राप्त नहीं होती थी एवं पेंशनर को भी किसान निधि प्राप्त नहीं होती थी एवं इन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री भी शासन द्वारा पहले स्तर पर नहीं करवाई गई थी। पन्ना कलेक्टर उषा परमार द्वारा तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि अब जिनके नाम भूमि है उन सभी की फारमर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है चाहे वह आयकर दाता हो पति-पत्नी हो या पेंशनर हो इस तरह से जिसके नाम राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज है उसकी फारमर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अजयगढ़ तहसील में 1 लाख 21 हजार 122 कुल किसान राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं सब किसानो की फारमर रजिस्ट्री की जाना हैं।

इसी की जांच पड़ताल करने तहसीलदार सुरेंद्र कुमार द्वारा देवगांव नयागांव शाहपुरा नारायणपुर धरमपुर खौरा आदि गांव का दौरा करके पटवारी की कार्य की प्रगति का जायजा लिया एवं किसानों से भी मिलकर उनको समझाइए की फारमर रजिस्ट्री करवाना किसानों के लिए अनिवार्य है।